सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 73 | इंदौर, बुधवार 25 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Jammu Kashmir Election : चुनावी प्रक्रिया देखने आए 16 देशों के राजनयिक, नाराज उमर बोले- यह अच्छा नहीं
2. Rahul Gandhi News: BJP नेता ने नेता विपक्ष का पासपोर्ट रद्द करने की मांग को लेकर स्पीकर को पत्र लिखा
3. China: चीन ने अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण, पहली बार सार्वजनिक की जानकारी
4. US: कमला हैरिस के एरिजोना स्थित अभियान कार्यालय में गोलीबारी, आधी रात के बाद चली गोली, अब तक कोई गिरफ्तार नहीं
5. UN: 'हम भारत को आमंत्रित कर चुके', रूस से युद्ध को रोकने के लिए फिर शांति सम्मेलन की तैयारी करेंगे जेलेंस्की

# मध्यप्रदेश मानसून अपडेट- 31 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## अगले 3 दिन एक्टिव रहेगा सिस्टम, फिर विदा होगा मानसून

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मध्यप्रदेश में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) के असर से अगले 3 दिन तेज बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को इंदौर, उज्जैन-जबलपुर समेत प्रदेश के 31 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। दक्षिणी हिस्से के जिलों जैसे- बैतूल, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, सिवनी और पांढुर्णा में भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट है।

अगले 24 घंटे में सीहोर, खंडवा, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, छिंदवाड़ा, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राजगढ़, नर्मदापुरम, हरदा, शाजापुर, आगर-मालवा, रीवा, अनूपपुर, शहडोल, डिंडौरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सागर जिलों में तेज पानी गिर सकता है। बाकी जिलों में गरज-चमक और हल्की बारिश होने का अनुमान है। इससे पहले मंगलवार को इंदौर, जबलपुर, भोपाल समेत 11 जिलों में बारिश हुई।

### इसलिए ऐसा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, सितंबर में चौथी बार स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ है। इस वजह से 25, 26 और 27 सितंबर को तेज बारिश का दौर बना रहेगा।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव हो गया है। इस वजह से प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश का दौर चलेगा। भोपाल में भी दोपहर बाद हल्की बारिश हो सकती है।



### इंदौर समेत 11 जिलों में बारिश

लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी होने से मंगलवार से प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। इंदौर, जबलपुर समेत 11 जिलों में बारिश हुई। सिवनी में ढाई इंच पानी गिरा। वहीं, मंडला में पौने 2 इंच बारिश हो गई। उमरिया, छिंदवाड़ा, बैतूल, खंडवा में भी तेज बारिश हुई। भोपाल में हल्की बारिश हुई। धार, जबलपुर, रीवा और इंदौर में भी हल्की बारिश का दौर चलता रहा। इधर, कई शहरों में तेज गर्मी का असर भी रहा। भोपाल में पारा 34.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। उमस का असर भी देखने को मिला। खजुराहो में सबसे ज्यादा 36.8 डिग्री और टीकमगढ़ में 36 डिग्री तापमान रहा। सतना में 35 डिग्री, गुना में 35.6 डिग्री, ग्वालियर में 35.8 डिग्री, रतलाम में 35 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर दर्ज किया गया।

### मंडला जिले में गिरी बिजली

मंगलवार को मंडला जिले के घुघरी जनपद पंचायत स्थित ग्राम पटनीपानी के कुरलू टोला स्कूल में आकाशीय बिजली गिरने से 7 लोग घायल हो गए। इनमें 2 शिक्षक और 5 बच्चे हैं। घुघरी बीएमओ डॉ. नीरज राज ने बताया कि 2 वयस्क और 5 बच्चे स्वास्थ्य केंद्र लाए गए। सभी ठीक हैं।

### फिर छलक उठेंगे डैम-तालाब

बारिश के सिस्टम की एक्टिविटी की वजह से प्रदेश के डैम और तालाब फिर छलक उठेंगे। बता दें कि इस सीजन में प्रदेश के करीब ढाई सौ में से 200 डैम फुल हो चुके हैं। बरगी, बाणगंगा, ओंकारेश्वर, इंदिरा सागर, तवा, कलियासोत, केरवा, भदभदा समेत कई डैम ऐसे हैं, जिनके गेट सीजन में 6 से 10 या इससे अधिक बार खुल चुके हैं। मंगलवार को अटल सागर, मोहनपुरा, हलाली, मड़ीखेड़ा, तिघरा, बानसुजारा, जोहिला समेत कई बांधों में पानी का लेवल बढ़ गया।

# आतंकी हमले या युद्ध में दिव्यांग होने पर सैनिकों को प्रदेश सरकार 1 करोड़ रुपए तक की मदद देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में राज्य सैनिक बोर्ड की 20वीं बैठक ली। बैठक में सैनिकों और सैनिक परिवारों के लिए सरकार कई अहम निर्णय लिए। इनमें युद्ध या सैनिक कार्यवाही में दिव्यांग होने पर दी जाने वाली राशि 10 लाख से बढ़ाकर दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर एक करोड़ रूपए तक करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शहीद के माता-पिता को मिलने वाले मासिक अनुदान को दोगुना करने, शहीद और दिव्यांग सैनिकों की बहन और बेटी के विवाह के लिए 10 हजार के स्थान पर 51 हजार की राशि देने, सैनिक परिवार के मध्यप्रदेश निवासी माता-पिता जिनकी पुत्री सशस्त्र सेना में हो उन्हें भी प्रतिवर्ष 10 हजार के स्थान पर दोगुनी सम्मान निधि देने के निर्णय लिए गए। साथ ही शहीदों के माता-पिता को पांच हजार रूपए प्रतिमाह अनुदान को बढ़ाकर दस हजार रूपए प्रतिमाह करने का निणर्य लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को शासन से दी जाने वाली आर्थिक सहायता निश्चित समय में प्रदान की जाएगी। सेना द्वारा गठित बोर्ड से सैनिकों के युद्ध या युद्ध के लिए जाते हुए और अन्य कारणों से हादसों में शहादत पर स्वीकृत प्रकरणों में प्रत्येक शहीद सैनिक के परिवार को मध्यप्रदेश सरकार एक करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण, उनके परिवार के हितों का संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**स्थापना दिवस पर होगा नो अवर आर्मी** - मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस एक नवम्बर पर सेना द्वारा विशेष शो 'नो अवर आर्मी '(know our Army) आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजधानी भोपाल में वायुसेना द्वारा एयर-शो के लिए भी तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। बैठक की शुरूआत में राज्य सैनिक बोर्ड की वर्ष 2018 में हुई 19वीं बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश निवासी शौर्य अलंकरण एवं विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को दी जाने वाली राशि में शासन द्वारा 30 मार्च 2023 को आदेश जारी कर वृध्दि की गई है। सैनिक विश्राम गृह बैतूल का निर्माण कार्य भी पूरा किया जा चुका है। मध्यप्रदेश में करीब 70 हजार भूतपूर्व सैनिक, 30 हजार वर्तमान सैनिकों के साथ ही सैनिक परिवारों के सदस्यों की संख्या मिलाकर लगभग 4 लाख लोग निवास कर रहे हैं। प्रदेश में 24 जिला सैनिक कार्यालय कार्यरत हैं। सैनिकों की रहवास सुविधा के लिए 17 आराम गृह भी संचालित हैं।

**यह निर्णय भी लिए गए** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद सैनिकों के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करने का आवश्यक शासनादेश जारी करने, युद्ध/सैनिक कार्रवाई में सेना द्वारा घोषित बैटल कैज्युल्टी की मान्यता को आधार मानकर राज्य सहायता देने, गन लाइसेंस में समय-सीमा का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करने तथा लाइसेंस नवीनीकरण निःशुल्क करने के लिए परीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्वितीय विश्व युद्ध के नान पेंशनर्स पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं की मासिक सहायता राशि आठ हजार से बढ़ाकर 15 हजार करने, शहडोल में जिला सैनिक विश्राम गृह एवं कल्याण कार्यालय निर्माण के संबंध में भी परीक्षण के उपरांत आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# भार्गव को आल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स में प्रदेश अध्यक्ष बनने पर किया सम्मानित

**'आदित्य की आवाज़' समाचार पत्र की उत्तरोत्तर प्रगति क़े लिये भी श्री भार्गव ने शुभकामनाएं दी**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर क़े महापौर पुष्यमित्र भार्गव को गत दिनों ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ़ मेयर्स में मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संस्था 'आदित्य'द्वारा पुष्पमाला व उपरना ओढ़ा कर संस्था क़े संयोजक सचिन नीमा द्वारा सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर श्री भार्गव ने भी संस्था के पदाधिकारियों से इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता में फिर से नम्बर वन बनाने के लिये समर्थन मांगा व शपथ दिलाई गई।'आदित्य की आवाज़'समाचार पत्र की उत्तरोत्तर प्रगति क़े लिये भी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर उमेश पांडे,रूपेश वर्मा,संजय गुप्ता, सुरेश वर्मा,अजय खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

**संत कबीर सहकारी साख संस्था इंदौर की वार्षिक साधारण सभा ...**

# लेखा-जोखा रखने के साथ ही अच्छे कार्य करने वाले पदाधिकारियों का किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संत कबीर सहकारी साख संस्था की वार्षिक साधारण सभा 22 सितंबर को हुई, जिसमें संस्था के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत सिंह परमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रंजीत सिंह बालोदिया ने की।**

सभा के दौरान, संचालक देवेंद्र सिंह चौहान को अधिक सदस्य जोडऩे के लिए सम्मानित किया गया, जबकि संचालक अंबाराम मालवीय को संस्था के खातों के कुशल प्रबंधन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। रायसिंह चौहान ने पिछले वर्ष की कार्यवाही का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें संस्था की प्रगति, उपलब्धियों और वित्तीय स्थितियों को रेखांकित किया गया।

संस्था की स्थापना 22 नवंबर 2022 को 56 प्रस्तावक सदस्यों के साथ हुई थी। 31 मार्च 2024 तक सदस्य संख्या 562 तक पहुंच चुकी है। संस्था की अधिकृत अंश पूंजी 20 लाख रुपए है और चुकता पूंजी 8.50 लाख रुपए है। ऋण योजनाओं के तहत संस्था ने 13.74 लाख रुपए तक का ऋण वितरित किया है। संस्था की ओर से 6त्न लाभांश की घोषणा की गई और लाभांश प्राप्त करने वाले सदस्यों की सूची संस्था के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की गई, जिससे सभी सदस्यों को इसका लाभ मिल सके। इस साल, वित्तीय वर्ष 2023-24 में संस्था का शुद्ध लाभ 66,000 रुपए रहा, जिसे विभिन्न फंडों में अंतरित किया गया। सभा के दौरान संत कबीर ऋण सुरक्षा बीमा योजना भी शुरू की गई, जिसमें किसी ऋणी सदस्य की मृत्यु की स्थिति में उसके परिवार को ऋण से राहत दी जाएगी। इस योजना का विस्तृत विवरण संचालक कैलाश चौहान द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में धार से आए दानवीर राजा बलि बलाई समाज संगठन के कार्यकर्ताओं ने संचालक मंडल का गमछा पहनाकर सम्मान किया। जिन सदस्यों ने अपने अंश प्रमाण पत्र अभी तक प्राप्त नहीं किए थे, उनके प्रमाण पत्र सभा स्थल पर वितरित किए गए। संस्था के 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों को विशेष सम्मान के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संस्था के भवन क्रय के संदर्भ में, संचालक भेरू सिंह मालवीय ने भवन क्रय की आवश्यकता पर जोर दिया। इस प्रयास को शीघ्रता से पूरा करने का सुझाव दिया। इस विचार का समर्थन संचालक कैलाश चौहान ने भी किया। सभा के समापन के बाद सभी सदस्यों के लिए भोजन और कबीर भजन का आयोजन किया गया। भजन गायकों का सम्मान दिनेश मालवीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल सोलंकी और लीलाधर चौहान ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन एच.सी. कदम द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभा के दौरान वरिष्ठ सदस्य शंकरलाल मालवीय, धर्मराज प्रधान, रामसिंह मालवीय और अशोक मालवीय ने भी सभा को संबोधित किया।

# अयोध्या में इंदौर को भिक्षावृत्ति मुक्त भारत अभियान में एक मॉडल के रूप में चिन्हित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अयोध्या में आयोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में भारत के 100 चयनित शहरों के नोडल अधिकारी और क्रियान्वयन एजेंसियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया था जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति में शामिल लोगों के व्यापक पुनर्वास के संबंध में जागरूकता फैलाना था।**



इस कार्यक्रम में इंदौर शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त भारत अभियान में एक मॉडल के रूप में चिन्हित किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह के नेतृत्व में इंदौर को भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रही हमारी संस्था प्रवेश की अध्यक्ष रुपाली जैन को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने विभिन्न राज्यों से आए डेलिगेट्स के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव अमित कुमार यादव, इकोनामिक एडवाइजर अजय श्रीवास्तव, सोशल जस्टिस फेलो रमाशंकर पांडे और एनआईएसडी की डायरेक्टर काजल डिप्टी डायरेक्टर गिरिराज मौजूद थे। सचिव अमित कुमार ने इंदौर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इंदौर का पुनर्वास केंद्र देखने की इच्छा जाहिर की। भिक्षुक पुनर्वास केंद्र के हितग्राहियों द्वारा बनाए गए उत्पाद भी स्टॉल पर रखे गए थे, जिन्हें सचिव ने स्वयं देखा और खरीदारी भी की। यह कार्यक्रम भिक्षावृत्ति के उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अग्रसेन माधवी पालकी यात्रा- 30 कॉलोनियों में देंगे निमंत्रण, सजेगा यात्रा मार्ग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अग्रवाल समाज पश्चिम क्षेत्र पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5148वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार, 29 सितंबर को शाम 5.30 बजे अखंडधाम आश्रम से पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर तक अग्रसेन माधवी पालकी यात्रा का आयोजन करने जा रहा है। यात्रा में पश्चिमी क्षेत्र की अग्रवाल बाहुल्य 30 से अधिक कॉलोनियों के समाजबंधु शामिल होंगे। संगठन से जुड़े समाजसेवी जगदीश गोयल बाबाश्री, नारायण अग्रवाल एवं किशोर गोयल ने बताया कि बिजासन रोड स्थित अखंडधाम पर आयोजित क्षेत्र के समाजबंधुओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि पालकी यात्रा रविवार शाम को निकाली जाएगी। पूर्व में संगठन द्वारा सुबह प्रभातफेरी के रूप में यह आयोजन किया जा रहा था, लेकिन क्षेत्र के समाजबंधुओं के आग्रह पर अब इसे शाम को निकाला जाएगा। संगठन की ओर से राजेश बंसल एवं गोल्ड क्वाइन ट्रस्ट के संजय अग्रवाल ने बताया कि पालकी यात्रा अखंड धाम से शुरू होकर विंध्याचल नगर, रामचंद्र नगर, सांई गंगोत्री एवं हुकमचंद कॉलोनी होते हुए पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचेगी, जहां सभी कालोनियों के समाजबंधुओं का पारिवारिक मिलन समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। समूचे यात्रा मार्ग को केशरिया पताकाओं से सजाया भी जाएगा। भजन संध्या में छोटे पागल बाबा के नाम से प्रख्यात श्रीधर झरकर अपनी भजन गंगा प्रवाहित करेंगे। पालकी यात्रा का निमंत्रण घर-घर देने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। यात्रा में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, पवन सिंघानिया मोयरा, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल एवं नितिन एपेक्स अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## सामूहिक तर्पण के दौरान 500 से अधिक साधकों ने ली सनातन धर्म की रक्षा की शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कोई भी पितर अथवा पूर्वज अपनी संतान का बुरा नहीं चाहते, लेकिन उनकी आत्मा की शांति एवं मोक्ष के लिए हम यदि तर्पण और श्राद्ध के माध्यम से जाने-अनजाने में उनके प्रति किए गए अपराध के लिए अपने कर्मों का प्रायश्चित कर सकें तो इससे श्रेष्ठ कोई काम नहीं हो सकता। केवल भारतीय संस्कृति में ही ऐसे शास्त्रोक्त प्रावधान है कि हम अपने बुरे कर्मों या आचरण का प्रायश्चित कर उस पाप से मुक्त हो सकते हैं। तर्पण वह क्रिया है, जिसमें दिवंगतों के साथ हमारा भी कल्याण निहित है, क्योंकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी हमारे लिए यह सब करना सीखेगी।

एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मंठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में चल रहे श्राद्ध पर्व में मंगलवार को भागवताचार्य पं. पवन तिवारी ने मंगलवार को यह बात कही। हंसदास मठ के महामंडलेश्वर हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज, आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री, म.प्र. ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक एवं मानपुर के वैदिक उपासना आश्रम की साध्वी तनुजा ठाकुर के सानिध्य में करीब 500 साधकों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए शपथ ग्रहण की। तर्पण अनुष्ठान का शुभारंभ भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ हुआ। पं. पवन तिवारी ने दिवंगत पूर्वजों, और गोमाता के लिए भी मोक्ष की कामना के साथ विश्व शांति एवं जन मंगल के लिए अनुष्ठान कराए। तर्पण में आज 500 से अधिक साधकों ने भाग लिया।

# पूरे विश्व को चाहिए कृष्ण-सुदामा जैसा मैत्री भाव : पं. दाधीच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। वर्तमान युग में सब कुछ आसानी से मिल सकता है किन्तु सच्चा मित्र मिलना मुश्किल है। दोस्ती में गरीबी-अमीरी का भेद नहीं होना चाहिए बल्कि मन के निर्मल एवं सच्चे भाव का बंधन होना जरूरी है तभी मित्रता सार्थक होगी। हमारी मित्रता श्रीकृष्ण-सुदामा जैसी निश्छल एवं निस्वार्थ होना चाहिए। श्रीकृष्ण-सुदामा जैसे मैत्री भाव की जरूरत आज पूरे विश्व को है। भागवत कथा इस कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में आत्मसात करने के लिए है। कथा में तो हम रोज बैठते हैं, अब कथा को अपने अंदर बिठाने की भी जिम्मेदारी हमारी ही है।

भागवताचार्य पं. आयुष्य दाधीच ने मंगलवार को यह बात कही। वे उषानगर स्थित उषाराजे परिसर में श्रीनागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा मैत्री प्रसंग का भावपूर्ण चित्रण कर रहे थे। कृष्ण-सुदामा मैत्री का जीवंत उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान अनेक भक्तों की आंखें छलछला उठी। समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कथा शुभारंभ के पूर्व समाजसेवी रमेश मेहता, जगदीश पाराशर,दामोदर महाजन, गुलाबचंद मेहता, सचिन हेतावल, संजय गुप्ता, दिलीप हेतावल, चंद्रकांत मेहता, राधेश्याम गुप्ता एवं ईशान गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन किया। विद्वान वक्ता की अगवानी श्रीमती किरण महेन्द्र गुप्ता, रमेशचंद्र महाजन , ब्रजमोहन गुप्ता, गिरीश गुप्ता, अंकित हेतावल, पवन अकोतिया, नरेन्द्र अकोतिया, दिनेश गुप्ता ने की।

मंगलवार को महिलाओं ने ड्रेस कोड का पालन करते हुए लाल चुनरी तथा पुरुषों ने श्वेत परिधान में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संगीतमय कथा का समापन बुधवार को यज्ञ, हवन के साथ दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के साथ होगा।भागवताचार्य पं. दाधिच ने कहा कि भगवान के जीवन में भी अनेक संकट और दुख आए लेकिन वे कभी रोए नहीं। उन्होंने परिस्थितियों का मुकाबला धैर्य और संयम से किया। कंस वध के बाद उन्होंने खुद सिंहासन पर बैठने के बजाय उग्रसेन को राजपाट सौंप दिया। हम लोग तो छोटी-मोटी संपत्तियों के लिए भी लड़ते रहते हैं।

# जिस बीजेपी नेता का मर्डर हुआ, उसकी पत्नी ने लगाई फांसी

## घर में फंदे पर मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमजी रोड इलाके में बुधवार सुबह भाजपा नेता रहे मोनू कल्याणे की पत्नी दीपिका (28) ने ससुराल में आत्महत्या कर ली। मोनू कल्याणे पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के करीबी थे। मोनू की तीन माह पहले जून में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।**

एमजी रोड पुलिस के मुताबिक दीप्ति के परिजन उषा फाटक स्थित ससुराल से बुधवार सुबह करीब 9 बजे मृत अवस्था में लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे। परिवार ने बताया कि आज सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि आज ही उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का पता चलेगा। पुलिस अभी घर से सुसाइड नोट तलाश रही है। परिवार से बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बार-बार याद करती थी-** मोनू कल्याणे की मौत के बाद दीपिका अवसाद से उबर नहीं पा रही थी। वह कहती थी कि उसे भी मोनू (पति) के पास जाना है। वह बार बार मोनू को याद करती थी। कुछ समय पहले मायके मह में भी रही। तब भी मोनू को लेकर बात बात पर रोती थी। मोनू की मौत के बाद एक बेटे और बेटी की जिम्मेदारी भी संभाल रही थी। दीपिका को मोनू के कमरे में भी नहीं जाने दिया जाता था। परिवार को पता था कि वह कुछ गलत कर लेगी। इस डर के चलते उसे अकेला नही छोड़ा जाता था। सास हमेशा उसके साथ रहती थी। फिलहाल दीपिका के मायके के लोगों को जानकारी दे दी गई है। सभी मह से इंदौर पहुंच गए हैं। पुलिस को अभी तक किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला।

### 23 जून को पति को मारी थी गोली

दीप्ति के पति और भाजपा नेता मोनू कल्याणे की 23 जून को 2024 को पीयूष और अर्जुन ने 23 जून की आधी रात 3 बजे गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के घर ढहा दिए थे। दोनों आरोपी अभी जेल में है।

## कंटेनर ने ली युवती की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवती को पीछे से तेज गति से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। इससे युवती की मौके पर ही मौत हो गई। राऊ पुलिस ने बताया कि घटना शाम 5 बजे की है। ग्राम हरसोला निवासी शिवानी पिता राधेश्याम पाटीदार, राऊ औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करती है। मंगलवार को वह अपनी स्कूटी से घर जा रही थी। तभी राऊ सर्कल के पास तेज गति से आ रहे कंटेनर क्रमांक एमएच-04-एलई-8497 ने टक्कर मार दी, जिससे युवती की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए राहगीरों ने कंटेनर में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली।

## होस्टल से नाबालिग लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सरकारी स्कूल के हॉस्टल से 15 साल के बच्चे का अपहरण हो गया उसे कोई बहला फुसला कर ले गया। मामले में अपहरण का मामला दर्ज किया है। बेटमा पुलिस के अनुसार डॉक्टर अंबेडकर पिता राम भरोसी जाटव निवासी श्रमोदय आवासीय विद्यालय बेटमा खुर्द की शिकायत पर 15 साल के राजेश के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज करवाई है। जब वह नहीं मिला और हॉस्टल में नहीं लौटा तो पुलिस को शिकायत की गई।

## लाखों के जेवरात ले भागे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सूने मकान का ताला तोडक़र चोरों ने वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपए के जेवरात चुरा लिए और भाग निकले। मामले में हीरानगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वडीवेल पिता सुब्रमण्यम निवासी सुखलिया की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। वह निजी कंपनी में काम करते हैं, कुछ दिनों से घर से बाहर थे। जब लौटे तो घर के ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने अंदर बेडरूम में जाकर देखा तो वहां रखी अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे। अलमारी में उनकी पत्नी के सोने के चार हार, अंगूठी, मंगलसूत्र ,पेंडल ,बाली ,चांदी की पायल सहित नगदी भी रखे थे। अज्ञात बदमाश पूरा माल चुरा ले गए।

## कलेक्टर परिसर में वृद्ध की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टोरेट परिसर के गार्डन में बुजुर्ग की मौत हो गई। वह बैंच पर बैठा था। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने उसके शरीर में हलचल नहीं देखी तो पुलिस को सूचना दी। पंढरीनाथ पुलिस के अनुसार, छोटी ग्वालटोली निवासी सुभाष पिता दुर्गाशंकर(65) साल की मौत हो गई। जांच में पता चला कि वह मजदूरी करता था। दोपहर 1 बजे के दरमियान वह गार्डन में बैठा था। उसके आसपास तीन-चार लोग और बैठे थे। शरीर में हलचल नहीं होने पर लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने साइलेंट अटैक से मौत होना बताया। परिजनों को सुभाष के मौत की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि वे कई दिन घर से बिना बताए घुमते रहते थे। देररात तक घर लौटते थे। दो बार पहले भी उन्हें दिल का दौरा पड़ चुका है।

## मकान पर कब्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक व्यक्ति से मकान खरीदने का सौदा करने के बाद खरीददार ने किराए के बहाने मकान लेकर उसमें अपना कब्जा जमा लिया। अब मामले में मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला जूनी इंदौर इलाके का है। पुलिस ने बताया कि अनिल पिता लालचंद निवासी साधु वासवानी नगर की शिकायत पर अमरजीत सिंह खनूजा निवासी प्रताप नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अनिल का सिंधी कॉलोनी में मकान है। उससे अमरजीतसिंह ने मकान खरीदी का सौदा किया, उसमें किराए के बहाने घुस गया और अब मकान पर कब्जा ही कर लिया। फरियादी 2 साल से उसे बाहर निकालने के लिए परेशान हो रहा था जब आरोपी ने उसकी एक नहीं सुनी तो फरियादी ने पुलिस की शरण ली है।

# पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुँची टी.आई. मॉल, मॉक ड्रिल कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) श्री अंकित सोनी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) श्री प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा कल दिनांक 24.09.24 को टी. आई. मॉल इंदौर में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई।

इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा- अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस और फायर ब्रिगेड की टीम ने टी आई मॉल के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/ लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने अथवा आदि लगने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए तथा यदि कोई घायल व हताहत हो जाए तो किस प्रकार उनको तत्काल सहायता उपलब्ध करवाई जाएं आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया।

साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा मॉल की सुरक्षा के संबंध में वहां के स्टाफ से बात जार उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए और उपस्थित आम नागरिकों को भी ऐसी परिस्थिति में क्या करे और क्या न करें आदि के बारे में समझाया गया।

## शेयर में प्रॉफिट के नाम पर 29.60 लाख की ठगी

इंदौर। इंदौर के एक व्यापारी के साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा देने के नाम पर ठगी हो गई। शिकायतकर्ता ने शेयर मार्केट की एडवाइजरी कंपनी को जून से अब तक 29 लाख 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद कंपनी ने उनके अकाउंट में काफी प्रॉफिट दिखाया। शिकायतकर्ता ने जब पैसे निकालना चाहे, तो पैसे उनके खाते में नहीं आए। पीड़ित व्यापारी ने पूरे मामले की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर कर दी। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्राइम ब्रांच ने धनंजय कुमार तिवारी, निवासी श्रीजी वैली, बिचौली मर्दाना की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कॉल आया। लजार्ड फंड, मुंबई के नाम से प्राइमरी अकाउंट खुलवा कर एप्लिकेशन डाउनलोड कराई गई। शुरुआत में 4 लाख रुपए लिए। धनंजय ने बताया कि 8 जून 2024 को तीन अलग-अलग नंबरों से वॉट्सऐप कॉल आए। उन्होंने शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए कहा।

# फरियादी के मुंहबोले रिश्तेदार ही निकले घटना में शामिल लोग

## मदद मांगने गई भतीजी को ही नहीं पहचान सका था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना पुलिस ने फरियादी और उसके परिजनों की हत्या के उद्देश्य से पथराव करने के मामले का 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। मामले में खुद फरियादी के रिश्तेदार ही मुख्य आरोपी निकले। थाने के उप निरीक्षक अजयसिंह कुशवाह ने बताया कि 23 सितंबर को

फरियादी हरीनारायण उर्फ हैदर शेख ने रिपोर्ट लिखाई थी कि कुछ लोगो ने उसके घर के बाहर से पत्थर फेके और नारेबाजी कर रहे थे, जिससे फरियादी व उसके परिजनों की जीवन संकटापन्न हो गया था। अंधेरा होने से फरियादी व परिजन पत्थर फेकने, नारेबाजी करने वालों को देख नहीं पाए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने पुलिस टीम अज्ञात आरोपियों को पकडऩे रवाना की। टीम ने घटना स्थल में लगे कैमरे के फुटेज और मुखबिरों से संपर्क कर हुलिये अनुसार आरोपियों की तलाश शुरू की। फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुभम् उर्फ उमाशंकर पिता अशोक बिल्लौरे निवासी खजराना, आकाश पिता विनोद श्रीवास निवासी गुरूनानक नगर खजराना से पुछताछ की गई तो घटना कुछ और ही निकली। घटना की तस्दीक की गई तो पाया कि फरियादी की पत्नी आशु की मुंहबोली बहन साजिया हासमी पति हफिज खान खजराना की नाबालिक बेटी अपनी माँ से लड़ाई होने के बाद कालोनी के दो लोगो के साथ मौसी आशु के पास मदद मागंने रेपिड़ों बाईक से गई थी, जहाँ नाबालिग ने कई बार आशु और हैदर को पुकारा। दरवाजा न खोलने के दौरान मदद के तौर पर शुभम्, आकाश ने भी आवाज लगाई गई परन्तु किसी ने दरवाजा नहीं खोला। नींद से उठाने शुभम् और आकाश ने वहीं पड़े पत्थर उठाए, ताकि परिजनों की नींद खुल जाए,पर पत्थर घर में फेके नहीं थे। जब मदद के लिये कोई आसरा नही दिखाई दिया तो नाबालिक बालिका अपनी सहेली के घर गाँधी नगर चली गई थी।

घटना क्रम की कड़िया जोडने नाबालिक और उसकी माँ साजिया हासमी का साई श्रृद्धा कालोनी में जहाँ झगड़ा हुआ वहाँ के फुटेज से घटना की तस्दीक की गई। नाबालिक की मदद के लिये गये शुभम् और आकाश रेपिडों वाले के पीछे पीछे गये थे ताकि नाबालिक के साथ कोई अप्रिय घटनाक्रम न हो जाए। इसी दौरान दोनो ने नाबालिक को उसकी मौसी के घर जाने के दौरान विडियो भी बनाया था। तब पुलिस को मामले की सच्चाई का पता चला।

# कृषि मंत्री के गृह जिले में खाद के लिए 24 घंटे से लाइन में खड़े हैं किसान

## रातभर जागकर भी खाली हाथ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। अधिकारी भले ही खाद पर्याप्त होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन किसानों की लंबी लाइन इस बात की गवाह है कि सिस्टम में चूक है। मुरैना में किसान पिछले पांच दिन से केन्द्र पर चक्कर लगा रहे हैं फिर भी किसानों को आसानी से खाद नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना मुरैना जिले के ही हैं।**

इन दिनों किसान सरसों की बोनी की तैयारी में जुटा है। उसके लिए डीएपी की आवश्यकता पड़ रहा है। शहर के कृषि मंडी के वितरण केन्द्र पर जिले भर के किसान बड़ी संख्या में पहुंचते हैं यहां किसान पहुंचे तो उनको बिना टोकन के खाद दिया, लेकिन कुछ समय काउंटर खुला फिर बंद कर दिया। हालत यह है कि किसान एक किलोमीटर लंबी लाइन लगाकर खाद लेने के लिए खड़े हैं लेकिन फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। सोमवार को रात से ही किसान आ गए और उन्हें टोकन बांट दिया, लेकिन रातभर लाइन में खड़े होकर भी उन्हें खाद नही मिल सका। वहीं मंगलवार सुबह पांच बजे से किसान इस उम्मीद से लाइन में लग गया कि उसे खाद मिल जाएगी, लेकिन बुधवार सुबह भी कोई टोकन बांटने कर्मचारी केन्द्र पर नहीं पहुंचा और तेज धूप में किसान लाइन में लगे रहे।

तीन दिन से किसान सुबह से तेज धूम में लाइन में लगे हैं, और शाम होते-होते उन्हें खाद नहीं मिल पाती है वापस घर लौट जाते है। वितरण केन्द्र पर अव्यवस्था कैसे फैल रही है। किसानों का कहना है कि पानी व खाना खाने भी नहीं जा सके। अगर लाइन से हटते है तो फिर खाद से रह जाएंगे इसलिए रात से लाइन में लगे हैं। वह कृषि मंडी वितरण केन्द्र पर लगातार आ रहा है। टोकन भी मिला तो सुबह से शाम हो गई, तब खाद मिल सका है, वह भी पर्याप्त नहीं हैं।

खाद वितरण केन्द्र पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंच रहा है। एक दो कर्मचारी सुबह पहुंचते हैं, वह टोकन बांटकर चले जाते हैं। अगर यहां जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहेगा तो व्यवस्था ठीक से बन सकती है। वहीं वितरण केन्द्र पर न पानी और न छाया की कोई व्यवस्था है। किसान तपती धूप में घंटों खड़े होकर इंतजार करता है, तब भी कोई निश्चित नहीं है। उसको खाद मिल ही जाएगा। सुबह पांच बजे से लाइन में लगे किसान संतोष का कहना है कि हमको डीएपी चाहिए और यहां दो कट्टा डीएपी के साथ दो कट्टा यूरिया दे रहे हैं जो फसल के लिए काफी कम है। वहीं किसान रघुनाथ का कहना है कि वह मंगलवार को सुबह दस बजे आकर लाइन में लगे। शाम पांच बजे काउंटर के नजदीक पहुंचे, दस- पंन्द्रह लोग रहे गए, तब तक काउंटर बंद कर दिया। आज सुबह तीन बजे के आकर लाइन में लगे हैं। घर का सब काम छोड़कर छोटे-छोटे बच्चों को घर छोड़कर सुबह से लाइन में लगे हैं चार दिन से चक्कर काट रहे हैं फिर खाद नहीं मिली है।

## नाले में नहाते समय पानी में डूबी तीन बच्चियां, दो को मशक्कत के बाद बचाया, एक की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर जिले के भानगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत करोंदा गांव में महालक्ष्मी के पर्व पर अपने परिजनों के साथ नहाने गईं तीन बच्चियां गहरे पानी में चली गईं, जिनमें एक की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें बीना सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक करोंदा गांव की महिलाएं अपने बच्चों के साथ महालक्ष्मी के पर्व पर गांव के पास ही निकले एक नाले में नहाने के लिए गई हुई थीं। महिलाओं के नहाने के बाद वे वापस अपने घर पर आ गईं, लेकिन बच्चियां नाले में नहाती रहीं। नहाने के दौरान दीक्षा पिता राजन आदिवासी (12), रश्मि पिता राजन आदिवासी (14) व मौसम पिता नरवर आदिवासी (14) वहां अन्य बच्चों के साथ नहाते समय गहरे पानी में चली गईं। जिनके चिल्लाने पर वहीं पास में मौजूद गांव के एक व्यक्ति ने पानी में कूदकर उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक दीक्षा की जान जा चुकी थीं। वहीं, रश्मि व मौसम की हालत गंभीर होने पर उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर दोनों का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही भानगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल बच्चियों के बयान लिए। मृतका गांव के सरकारी स्कूल में छठवीं कक्षा में पढ़ती थी।

## पिकअप में भरकर ले जा रहे बेशकीमती सागौन की लकड़ी

### पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। सीहोर पुलिस ने सागौन की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। उनके साथ से एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है, जिसमें 3 लाख का सामान बरामद किया गया है।**

पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पीले तिरपाल की पिकअप वाहन में सागौन की गोल सिल्लिया इछावर तरफ से सीहोर कस्बा होते हुए श्यामपुर जा रही हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी मनोज मालवीय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम के सहायक उप निरीक्षक दिलीप मस्कोले ने आरक्षक चंदू टिकारे,आरक्षक सुरेश मालवीय,आरक्षक कपिल सभी लुनिया चौराहा सीहोर पहुंचे। जहां पिकअप वाहन के आने पर रोककर पूछताछ की। पिकअप वाहन चालक ने अपना नाम मुजम्मिल कुरेशी पिता वसीम कुरेशी उमर (26) निवासी मकान नंबर 9 गली नंबर 2 सुलतानिया रोड इस्लामपुर भोपाल और कंडक्टर सीट पर बैठे युवक ने अनस खान पिता मोहम्मद अली (21) निवासी कस्बा सीहोर बताया। दोनों संदेही के समक्ष पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर सागौन की 25 गोल सिल्लियां जब्त की गईं। सागौन की सिलियों के वेध परमिट के बारे में दस्तावेज मांगे जाने पर वे कोई जवाब नहीं दे सके। धारा 303(2) बीएनएस 5/16 मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनिमय अधिनियम का पाया जाने पर उक्त दोनों संदेही को गिरफ्तार किया। पिकअप वाहन व 25 नग सागौन की सिल्लियां जब्त कर ली गईं।

### पानी पर सियासत, कांग्रेस की चेतावनी-

# रोज जलप्रदाय नहीं हुआ तो महापौर को नींद से जगाने बजाएंगे ढोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में पानी को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस हमलावर है। उसका कहना है कि एक तरफ डैम में इतना पानी है कि फालतू बहाना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ शहर के लोगों को प्रतिदिन पानी नहीं दिया जा रहा। इसे लेकर कांग्रेस ने चेतावनी भी जारी कर दी है।

उज्जैन शहर में भगवान महाकालेश्वर की कृपा से गंभीर डैम अपनी पूर्ण क्षमता से भरने के बाद ओवरफ्लो भी हुआ है। महापौर, निगम परिषद, विधायक सभी ने गंभीर डैम पहुंचकर भगवान श्री बिलकेश्वर महादेव का पूजन अर्चन किया और शहर को प्रतिदिन पानी देने की बात भी कही। सभी ने वहां मालवा का प्रसिद्ध और स्वादिष्ट भोजन भी प्राप्त किया। परंतु शहर में प्रतिदिन जल सप्लाई के लिए नगर के नागरिक इस भाजपा परिषद को 20 दिनों से देख रहे हैं कि वह कब प्रतिदिन पानी देना प्रारंभ करेंगे। इतना पानी आ गया गंभीर में कि गेट खोलकर बहाना पड़ रहा है, ऐसे में महापौर द्वारा समाचार पत्रों में बयान देना कि गर्मी में प्रतिदिन पानी देंगे नगर के नागरिकों को धोखा देने, शहरवासियों को परेशान करने के लिए षड्यंत्र रचने के अलावा कुछ नहीं।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि भाग्य से मुकेश टटवाल उज्जैन नगर के महापौर हैं और उनका यह कर्तव्य है कि नगर के नागरिकों को अपने निर्णय के माध्यम से सुलभ मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें और अव्यवस्थाओं को व्यवस्था में बदलें। लेकिन यहां व्यवस्था होने के बावजूद आम नागरिकों को परेशान करने के तरीके महापौर द्वारा खोजे जा रहे हैं। अगर पीएचई के पंप खराब है तो उन्हें ठीक कराएं, अगर अधिकारी कर्मचारियों का स्टाफ काम नहीं करना चाहता है तो उन्हें हटाएं। उन पर दंडात्मक कार्रवाई करें। उन्हें इस दिशा की ओर निर्देशित ना करें कि हम गर्मी में पानी दे देंगे।

भाटी ने कहा कि शहर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उज्जैन में बाबा महाकाल के, बाबा काल भैरव के और शहर के अन्य मंदिरों में दर्शन करने हेतु निरंतर आते हैं और यही श्रद्धालु नगर के नागरिकों के निवास घरों पर ही निवास करते हैं। साथ ही आगामी त्योहारों पर भी नगर के नागरिकों को पानी की आवश्यकता बड़ी मात्रा में होती है। इस स्थिति में नगर के सभी नागरिकों को हैंडपंप अथवा टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था करना होगी। साथ ही पिछले मार्च माह से ही नागरिक पानी की व्यवस्था में उलझे हुए हैं परंतु पीएचई विभाग ने ना तो पर्याप्त मात्रा में टैंकर की व्यवस्था की, ना ही पर्याप्त मात्रा में हैंडपंप खनन, मोटरों का काम कर पाया। यहां तक की हैंडपंप सुधारने वाले लोग भी पीएचई के पास नहीं थे। एक दिन शिकायत करने पर 8 दिन तक हैंडपंप ठीक नहीं कर पाते। पीएचई विभाग पूर्ण रूप से अक्षम हो चुका है और इस विभाग पर किसी का नियंत्रण नहीं है।

## छात्राएं 8 किमी पैदल चलकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टोरेट पहुंची

**रतलाम।** रतलाम के कन्या शिक्षा परिसर की 12वीं की छात्राएं 8 किमी पैदल चलकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टोरेट पहुंची। अधिकारियों को जब छात्राओं के पैदल आने की सूचना मिली तो कलेक्टर ने एडीएम एसडीएम को गाड़ी लेकर भेजा। फिर भी वह नहीं मानी। तब आधे रास्ते में कलेक्टर राजेश बाथम भी पहुंचे। लेकिन, छात्राएं कलेक्टोरेट आकर ही बात करने की जीद पर अड़ी रही। छात्राएं स्कूल में फिजिक्स व केमेस्ट्री के टीचर्स द्वारा कराई जाने वाली पढ़ाई असंतुष्ट थीं। साथ ही, हॉस्टल अधीक्षिका के व्यवहार और प्रिंसिपल द्वारा समस्या पर ध्यान नहीं देने से नाराज थीं। कन्या शिक्षा परिसर कलेक्टोरेट से 8 किमी दूर शहर से बाहर बाजना रोड पर स्थित है। कक्षा 12वीं की छात्राएं पैदल ही वहां से निकल पड़ी। रास्ते में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम अनिल भाना को गाड़ी लेकर भेजा गया। लेकिन, छात्राएं नहीं मानी। छात्राएं पैदल कलेक्टोरेट पहुंचीं। अधिकारी पीछे-पीछे चलते रहे। छात्राओं ने कलेक्टोरेट परिसर में हमारी मांगे पूरी करो, नारेबाजी की।

## संपादकीय

# चीन के बढ़ते दखल पर रणनीति

भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के संगठन क्वाड का यह छठवां शिखर सम्मेलन था, जिसमें चारों देशों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। अभी चार वर्ष हुए हैं इस संगठन को बने हुए। इस बीच दो आभासी माध्यम से बैठकें भी हो चुकी हैं। इस सम्मेलन में क्वाड देशों के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक फैसले हुए हैं। इसमें 'कैंसर मूनशाट इनिशिएटिव' के जरिए हिंद प्रशांत क्षेत्र में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से जीवन बचाने के लिए साझेदारी और समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में 'क्वाड ऐट सी शिप आब्जर्वर मिशन' शुरू करना शामिल है। इसके जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के समावेशी विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। संभावित बीमारियों और महामारियों से पार पाने के लिए पहले से रणनीति बनाने पर भी जोर दिया गया है। निस्संदेह ये महत्वपूर्ण समझौते हैं। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से पार पाना इस समय की बड़ी चुनौती है। क्वाड समझौते से निश्चय ही इस पर काबू पाने में काफी मदद मिल सकेगी। इसके अलावा, इस सम्मेलन में क्वाड देशों के बीच सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने के लिए किया गया समझौता बेहद अहम है। हिंद प्रशांत क्षेत्र विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला और आर्थिक रूप से सक्रिय क्षेत्र है, जिसमें चार महाद्वीप शामिल हैं- एशिया, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल से सारे देश सतर्क हैं। दरअसल, चीन से मिलने वाली चुनौतियों से पार पाने के मकसद से ही क्वाड का गठन किया गया था। इस क्षेत्र में भारत की भूमिका अहम है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान चीन का मुकाबला करने के लिए दक्षिण चीन सागर तथा पूर्वी चीन सागर में भारत की उपस्थिति चाहते हैं। भारत भी अपनी सीमाओं और पड़ोसी देशों में चीन की पैठ से परेशान है। अमेरिका से उसकी तनातनी पुरानी है। ऐसे में, इन देशों के एक मंच पर उपस्थित होने से चीन को चुनौती देने में आसानी होगी। समुद्री सीमा के विस्तार और उसमें इन देशों के साझा सैन्य अभ्यास से चीन को रोकना आसान होगा। इस अर्थ में क्वाड का ताजा शिखर सम्मेलन कई अर्थों में ऐतिहासिक कहा जा सकता है।फिलहाल देशों की ताकत उनकी तकनीकी संपन्नता से आंकी जाने लगी है।

**अर्ज किया है..!**

*इक ज़माने तक बदन*
*बे-ख़्वाब बे-आदाब थे*
*फिर अचानक अपनी*
*उर्यानी का अंदाज़ा हुआ*

*- शाहीन अब्बास*

**OSHO कहिन**


**"कोई आदमी चाहे लाखों चीजें जान ले, चाहे वह पूरे संसार को जान ले, मगर वह खुद को नहीं जानता है तो वह अज्ञानी है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# 80 हजार साल बाद पहली बार दिखेगा दुर्लभ धूमकेतु त्सुचिनशान-एटलस

## आसमान में ऐसा होगा नजारा



सितंबर के अंत में और अक्टूबर के मध्य के बीच बेहद दुर्लभ आसमानी मेहमान आने वाला है. इसका नाम थोड़ा कठिन है लेकिन ये 80 हजार साल बाद धरती के नजदीक आ रही है. ये है त्सुचिनशान-एटलस धूमकेतु. इसे पूरी दुनिया के लोग देख सकते हैं. खुशी इस बात की ये आपको बिना किसी यंत्र के दिखाई देगा.

### बिना किसी दूरबीन या टेलिस्कोप के भी देख सकते हैं

बिना किसी यंत्र यानी दूरबीन या टेलिस्कोप की मदद नहीं लेनी पड़ेगी. अगर आपके पास है तो और भी बेहतर नजारा मिलेगा. धूमकेतु के आने और दिखने को लेकर हमेशा संशय बना रहता है. इसे कॉमेट सी/2023 ए3 (Comet C/2023 A3) भी कहते हैं. इसके दिखने की सबसे अच्छी संभावना 27 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच है.

### इसे देखने का सबसे अच्छा समय कब होगा?

ये आपको पूर्व-दक्षिणपूर्वी दिशा में सूरज के उगने से ठीक आधे घंटे पहले दिखाई देगा. सबसे अच्छा समय रहेगा 29 सितंबर और 30 सितंबर की सुबह देखना. यह सुबह के समय खत्म हो रहे अर्ध-चंद्राकर चंद्रमा के साथ दिखाई देगा. हो सकता है आपको सुबह के समय थोड़ा धोखा हो, क्योंकि ये रात में सबसे ज्यादा चमकने वाले 20 तारों जैसा दिखेगा.

### कैसे पहचाने की आप सही धूमकेतु को देख रहे हैं?

हालांकि इसे पहचानने के लिए बेस्ट तरीका इसके पीछे की पूंछ को देखना. क्योंकि तारों के पूंछ नहीं होती. जबकि धूमकेतु को होती है. 2 अक्टूबर के बाद यह सूरज की रोशनी में गुम हो जाएगा. इसके बाद यह 12 अक्टूबर को फिर दिखाई देगा. उस रात ये धरती के सबसे नजदीक रहेगा. उस समय यह पश्चिमी दिशा में दिखेगा.

## Uttarpradesh

# 'लगता है कलयुग आ गया...', 80 और 76 साल के कपल के गुजारा भत्ता केस में हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**प्रयागराज, (एजेंसी)** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुजुर्ग दंपति के बीच गुजारा भत्ते को लेकर चली आ रही लंबी कानूनी लड़ाई को लेकर अहम टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा, लगता है कि कलयुग आ गया है और ऐसी कानूनी लड़ाई चिंता का विषय है.

मामला अलीगढ़ का है. वहां 80 साल के मुनेश कुमार गुप्ता स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर के पद से रिटायर हुए हैं. उनकी पत्नी गायत्री देवी (76 वर्ष) के बीच 2018 से संपत्ति का विवाद चल रहा है. मामला पुलिस के बीच पहुंचा और इसे परिवार परामर्श केंद्र ट्रांसफर कर दिया गया. हालांकि, बात नहीं बन सकी. उसके बाद दोनों अलग रहने लगे.



गायत्री देवी ने फैमिली कोर्ट में याचिका दाखिल की और कहा कि पति की पेंशन करीब 35 हजार रुपए है. उन्होंने आजीविका के लिए हर महीने 15 हजार रुपये दिए जाने की मांग की, लेकिन फैमिली कोर्ट ने 16 फरवरी को अपने आदेश में 5 हजार गुजारा भत्ता देने के लिए कहा. पति ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर अब सुनवाई चल रही है.

जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी इस याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं. उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, लगता है कलयुग आ गया है और ऐसी कानूनी लड़ाई चिंता का विषय है. उन्होंने दंपति को सलाह देने की भी कोशिश की.

गायत्री का कहना था कि हमने गुजारा भत्ता मांगा था और फैमिली कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया है. उसके बाद पति ने कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है.

## Gujrat

# साबरकांठा में भीषण सड़क हादसा, ट्रक के पीछे घुस गई तेज रफ्तार कार, 7 लोगों की मौत



**साबरकांठा, (एजेंसी) गुजरात के साबरकांठा जिले में भीषण सड़क हादसे की खबर आई है. इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है. कार में सवार कुछ लोग श्यामला जी मंदिर का दर्शन करके अहमदाबाद लौट रहे थे. तभी उनकी कार पीछे से एक ट्रक में घुस गई. इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है और एक शख्स के घायल होने की खबर है.**

हादसे के बाद कार में सवार लोग बड़ी मुश्किल से बाहर निकाले गए. कार को कटर से काटकर उन्हें बाहर निकाला गया. बता दें कि कार के अंदर कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें से एक शख्स के अलावा सभी मौके पर मारे गए.

हादसे के बाद कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार की स्पीड ज्यादा थी. ट्रक में घुसने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए. कार के अंदर फंसी लाशों को निकालने के लिए दमकल विभाग को कटर का उपयोग करना पड़ा.

इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग अहमदाबाद के रहने वाले थे. हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हादसे वाली जगह का मुआयना किया.

## Himachal Pradesh

# सांसद कंगना रणौत ने की तीन कृषि कानूनों को दोबारा लागू करने की मांग, पंजाब में मचा सियासी बवाल

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रणौत के तीन कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने के विवादित बयान ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। पंजाब में इस पर सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस, शिअद और आप के नेताओं ने सांसद कंगना के इस बयान पर भाजपा हाईकमान को उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है। पंजाब में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी की सांसद कंगना रणौत को विवादास्पद कृषि कानूनों की बहाली की वकालत करने के लिए मुखपत्र के रूप में नियुक्त करने की तीखी आलोचना की। बाजवा ने कहा कि भाजपा अपने किसान विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कंगना का इस्तेमाल कर रही है, उन्होंने सरकार से इस पर तत्काल स्पष्टीकरण मांगा। बाजवा ने टिप्पणी की कि अगर केंद्र की भाजपा सरकार अपने मंडी सांसद द्वारा दिए गए बयानों के पीछे नहीं खड़ी होती है, तो उसे उनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। कंगना रणौत ने लगातार किसान समुदाय को निशाना बनाया है, जबकि भाजपा मूकदर्शक बनी हुई है।

## New Delhi

# घर में ही कर दिया महिला का गर्भपात, खून बहता रहा और हो गई मौत; पति और ससुर अरेस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एक महिला का घर में ही अवैध तरीके से ससुराल वालों ने गर्भपात करने की कोशिश की, जिससे उसकी मौत हो गई। यह हैरान करने वाला मामला पुणे का है, जिसमें महिला के पति और ससुर को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। इस मामले में मृतका की सास के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि अब तक की जांच में पता चला है कि घर पर ही मृतका का गर्भपात कर दिया गया और 4 महीने के भ्रूण को परिवार के ही एक खेत में गाड़ दिया गया। यह गर्भपात करने के लिए एक प्राइवेट डॉक्टर को बुलाया गया था, उसकी भी पुलिस को तलाश है।

मृतका की शादी आरोपी से 2017 में हुई थी। दोनों के एक बेटा और एक बेटी हैं और महिला तीसरी बार गर्भवती हुई थी। पुलिस को शक है कि शायद परिवार वालों को पता चल गया था कि



गर्भ में पल रहा बच्चा लड़की है तो उन्होंने गर्भपात का फैसला लिया और घर पर ही ऐसा करने के चलते उसकी मौत हो गई। पुणे के इंदापुर थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'रविवार को 25 वर्षीय महिला की हालत खराब हो गई। उसे काफी ब्लीडिंग हो रही थी। उसे अगले दिन ही अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।' मृतका के भाई की शिकायत पर ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## खेल

# 7 छक्के, 86 चौके और 498 रन... इस गुजराती खिलाड़ी ने बल्ले से मचाई तबाही

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** 18 साल के द्रोण देसाई ने दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टीडे टूर्नामेंट के दौरान 498 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाया. उन्होंने अपनी पारी से मैदान में गदर काट दिया. मंगलवार को गांधीनगर के शिवाय क्रिकेट मैदान पर द्रोण ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ अपने स्कूल सेंट जेवियर्स (लोयोला) के लिए यह प्रचंड पारी खेली.

द्रोण देसाई ने अपनी मैराथन पारी के दौरान 320 गेंदों का सामना किया, इसमें सात छक्के और 86 चौके शामिल थे. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक- यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाता है जो गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है.

देसाई ने मैच के बाद कहा कि वह इस बात से निराश हैं कि वह 500 रन के आंकड़े से चूक गए क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि



वह इस रिकॉर्ड के इतने करीब हैं. देसाई ने कहा- मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे नहीं बताया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं, मैंने स्ट्रोक खेला और आउट हो गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैं उन रनों को बनाने में कामयाब रहा.

द्रोण ने कहा- मैंने सात साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और मेरे पिता ने मुझे बहुत पुश किया क्योंकि उन्हें लगा कि मेरे अंदर एक अच्छा क्रिकेटर बनने की क्षमता है. वह मुझे जेपी सर (जयप्रकाश पटेल) के पास ले गए जिन्होंने 40 से ज्यादा क्रिकेटरों को कोचिंग दी थी. मैं क्लास 8 से 12 तक मैं सिर्फ अपनी परीक्षाओं के लिए स्कूल जाता था. मैंने बस क्रिकेट खेलना जारी रखा और उम्मीद है कि एक दिन मैं नाम कमाऊंगा.

द्रोण देसाई की पारी के बदौलत उनकी टीम ने जेएल इंग्लिश स्कूल पर एक पारी और 712 रन से जीत दर्ज की. अपनी टीम के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज देसाई गुजरात अंडर 14 टीम के लिए खेल चुके हैं और अब उन्हें राज्य की अंडर 19 टीम में जगह मिलने की उम्मीद है. उनका कहना है कि सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी देखने के बाद उन्हें खेल में उतरने की प्रेरणा मिली. देसाई इतना बड़ा स्कोर बनाने वाले देश के छठे बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले मुंबई के प्रणव धनावड़े (नाबाद 1009), पृथ्वी शॉ (546), डॉ. हवेवाला (515), चमनलाल (नाबाद 506) और अरमान जाफर (498) एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं.

## सिनेमा

# शादी के 8 साल बाद पति से अलग हो रहीं उर्मिला मातोंडकर? चर्चाओं पर साधी चुप्पी



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस का तलाक होने जा रहा है. उर्मिला अपने पति मोहसिन अख्तर मीर से शादी के 8 साल बाद तलाक ले रही हैं. सूत्रों ने बताया कि उर्मिला, पति मोहसिन से अलग हो रही हैं. वो अपने काम पर फोकस और फिल्मों में वापसी करना चाहती हैं. सूत्रों ने ये भी बताया कि उर्मिला और मोहसिन पिछले काफी वक्त से साथ नहीं रह रहे हैं. ऐसे में आजतक ने कपल से तलाक की खबरों का सच जानने की कोशिश की लेकिन दोनों ने ही हमारे सवालों का जवाब नहीं दिया है. बता दें कि मोहसिन अख्तर मीर से उर्मिला मातोंडकर ने साल 2016 में शादी की थी. दोनों की मुलाकात डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की वजह से हुई थी. मनीष दोनों के कॉमन फ्रेंड हैं. मीडिया रिपोर्ट्स में मुंबई कोर्ट के एक सूत्र के हवाले से बताया गया था कि उर्मिला मातोंडकर ने बहुत सोचने और समझने के बाद मोहसिन से अपनी शादी को तोड़ने का फैसला कर लिया है. उन्होंने कोर्ट में तलाक की अर्जी भी डाल दी है. दोनों के अलग होने के कारण का पता नहीं चल पाया है. कहा ये भी गया था कि ये तलाक दोनों की आपसी सहमति से नहीं हो रहा है. इन अफवाहों के पीछे का सच अभी बाहर नहीं आया है. उर्मिला ने मोहसिन से इंटीमेट सेरेमनी में शादी की थी. इस शादी के काफी चर्चे हुए थे. दोनों की उम्र में बीच 10 साल के फासले पर कई लोगों ने हैरानी जताई तो कई ने इसका मजाक भी उड़ाया था.

## Highlights

1. **Himachal CM Sukhu admitted to Shimla hospital twice in 3 days**
2. **Voting begins in Phase 2 of Jammu & Kashmir Assembly polls**
3. **HDFC Bank employee dies due to alleged work pressure, colleagues say 'She fell off chair'**
4. **What is the labour welfare permit that EY office, whose employee died, lacked?**
5. **Colleague murdered woman whose chopped body was found in fridge in B'luru: Police**

# Buy calls are slowly vanishing from India's booming stock market




**NEW DEIHI, (Agency).** Analysts are having a hard time recommending stocks worth buying in India's $5 trillion equity market.

The number of stocks on the NSE Nifty 200 index with a consensus 'buy' rating totaled 61 as of Tuesday, the lowest in at least a decade, data analyzed by Bloomberg show. LIC Housing Finance Ltd., Sun TV Network Ltd. and Dr. Lal PathLabs Ltd. are among stocks that saw multiple downgrades this quarter, putting their average analyst rating at 'hold'.

A dimmer outlook for corporate earnings in one of the world's most expensive stock markets is making analysts skeptical of further gains in some of the shares that drove a years-long rally in Indian equities, now in its ninth year.

"Many stocks have now become obscenely expensive," said Sahil Kapoor, a strategist at DSP Mutual Fund. Analysts are rolling forward their earnings estimates as sales growth is weak and margins are already at their peak, he said.

The Nifty 200 index is valued at about 24 times its 12-month forward earnings estimates, versus last decade's mean of about 19 times. Corporate profits, which partly drove the valuation multiples, are set to slow. Kotak Institutional Equities estimates earnings for the benchmark Nifty 50 firms to grow at 8.4% in the current fiscal year ending March 2025, against 20% last year.

Indian stocks have been hitting successive records, with both domestic and overseas investors betting on the nation's rapid economic expansion. A risk-on sentiment in global markets following the Federal Reserve's jumbo rate cut last week sent Nifty to a fresh peak on Tuesday.

# Goldman Sachs is loving India's growth journey and these 20 stocks for investors




**NEW DEIHI, (Agency).** Global brokerage Goldman Sachs said that India is poised to be the among fastest growing economies in the medium-term. In a recent note, the brokerage noted that after a decade-long downcycle, India's earnings have started to stablise over the past few years.

There is a mid-teen profit growth momentum that might sustain until 2030, the brokerage said as Nifty's total earnings growth and market cap have both achieved an 18 per cent CAGR over the past five years.

Owing to this, the profit pool is likely to shift towards investment cyclicals, which includes autos, real estate, chemicals along with industrials. This could see the largest rise in profit share and the brokerage said that consumer cyclicals could see the highest absolute growth.

The brokerage issued a 'buy' call on 20 stocks: RIL, L&T, NTPC, M&M, UltraTech, Power Grid, Adani Ports, IndiGo, Eicher Motors, Havells, Polycab, Ashok Leyland, Phoenix Mills, Uno Minda, Hitachi Energy, Astral, Embassy REIT, Kajaria Ceramics, Blue Dart, and Amber Enterprises.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरूद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक